संख्या–369/तीस–3–11–वी/09

प्रेषक,

कुलदीप एन0 अवस्थी,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

परिवहन अनुभाग–3 लखनऊः दिनांकः 28 अप्रैल 2011

विषयः–सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के भवन निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–68ए/2010–22ए/09 दिनांक 07–01–2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 में सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के लिए निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी भूमि पर अनावासीय भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन की धनराशि रू0 202.74 लाख के सापेक्ष प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आकंलित की गयी धनराशि रू0–176.58 लाख (रू0 एक करोड छियात्तर लाख अट्ठावन हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ प्रथम किस्त के रूप में रू0 100.00 लाख (रूपये एक करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए आपके निबर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान करते हैं कि योजना को अनुमोदित लागत में ही एक वर्ष की समायावधि में पूर्ण कराया जाय। यदि लागत में वृद्धि होती है तो निर्माण एजेन्सी अपने निजी स्रोतो से वहन करेगी। शासन द्वारा अतिरिक्त बढ़ी धनराशि उपलब्ध नही करायी जायेगी।

2– द्वितीय/अन्तिम किस्त की धनराशि पूर्व में उपलब्ध करायी गयी धनराशि के 75 प्रतिशत उपयोग तथा कार्य की गुणवत्ता से सन्तुष्ट होने की स्थिति में उपलब्ध करायी जायेगी।

3– उक्त आहरित धनराशि बैंक/पी0एल0ए0/ डिपाजिट आदि खाते में जमा नही की जायेगी।

4– उक्त निर्माण कार्य तब तक न प्रारम्भ किया जाय जब तक उपरोक्त भवन हेतु शासनादेश संख्या–303/दस–06–89/04 दिनांक 2–3–2006 के प्राविधानानुसार सक्षम प्राधिकारी से प्राविधिक (तकनीकी) स्वीकृति प्राप्त न कर ली जाय। भवन का निर्माण समयबद्धता से पूर्ण कराया जाय, साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। संबंधित संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी समय–समय पर कार्य का निरीक्षण करते रहेंगे व सामान्य पर्यवेक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करायेंगे।

5– प्रस्तावित मार्गो की मात्रा/लम्बाई यथावत रहेगी। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था पर होगा। स्वीकृति की जा रही धनराशि के मासिक व्यय विवरण प्रपत्र–वी0एम–13 में प्रतिमाह वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–9 एवं परिवहन अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि को व्यय करने से पूर्व कार्यालय ज्ञाप संख्या–वी–1–1176/10–2002–238/2002 दिनांक 13–9–2002 तथा अर्द्धशा0पत्र संख्या–वी–1–3032/1033–2002 दिनांक 28–8–2002 में दिये गये निर्देशों तथा वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर इस सम्बन्ध में दिये गये अन्य निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6– भवन में विकलांगजन की सुविधा हेतु बैरियर फ्री आवागमन की व्यवस्था की जायेगी। विशेष रूप से भवन में प्रवेश आदि हेतु रैम्प व रेलिंग की व्यवस्था आवश्यक रूप से की जायेगी।

7– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2011–12 के आय–व्ययक अनुदान संख्या–43 के आयोजनागत पक्ष के अन्तर्गत के "लेखाशीर्षक–4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय–01– कार्यालय भवन–051–निर्माण–03–संभागीय/उप संभागीय परिवहन कार्यालय का निर्माण–24 –वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

8– उक्त व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को प्राप्त कराने का उत्तरदायित्व आपका होगा।

9– यह आदेश वित्त विभाग की अ0शा0संख्या–यू0ओ0–ई–9–221/दस/11 दिनांक 21अप्रैल, 2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(कुलदीप एन0 अवस्थी)
उप सचिव।

संख्या–869(1)/तीस–3–11 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4– वित्त नियन्त्रक, परिवहन आयुक्त कार्यालय लखनऊ।
5– जिलाधिकारी बस्ती।
6– सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बस्ती।
7– संबंधित कार्यदायी संस्था (द्वारा परिवहन आयुक्त)
8– नियोजन अनुभाग–4
9– वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–9
10– निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, लखनऊ।
11– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कुलदीप एन0 अवस्थी)
उप सचिव।